झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा

संख्या-07

अष्टम् (बजट) सत्र

मंगलवार, दिनांक-24 जनवरी, 2017 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.01 बजे अप० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा दिनांक-23.01.2017 को इंजीनियरिंग के छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए एस.आई.टी. गठित कर जाँच किये जाने की माँग की गयी जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री स्टीफन मराण्डी एवं माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव सहित विपक्ष के अन्य माननीय सदस्यों ने भी किया,

ii- माननीय सदस्य, श्री चम्पाई सोरेन सहित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अधिकांशतः माननीय सदस्य अपने हाथों में पोस्टर एवं दैनिक समाचार की प्रतियाँ लेकर CNT, SPT ACT में हुए संशोधन को वापस लेने की माँग को लेकर सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे,

iii- माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर ने आसन के माध्यम से आग्रह किया कि माननीय विपक्षी सदस्यों को सदन बाधित न करते हुए माननीय संसदीय कार्य मंत्री से विचार-विमर्श कर समाधान ढूंढ़ना चाहिए।

2.कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

पूर्व मंत्री, श्री योगेन्द्र साव पर सी.सी.एक्ट लगाये जाने के विरूद्ध माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम एवं अन्य माननीय सदस्यों से प्राप्त कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना को नियमानुकूल एवं लोकहित का नही होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

3.सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-

माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा ''पिछड़े वर्गो के लिए राज्य आयोग अधिनियम-2002 की धारा-14 के अधीन वित्तीय वर्ष-2015-16 अवधि 01.04.2015 से 31.03.2016 तक के वार्षिक प्रतिवेदन'' की एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

इस क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्यगण सदन की वेल में नारेबाजी करते रहे। उन्हें आसन द्वारा बार-बार अपने स्थान पर बैठने हेतु निदेश दिया गया लेकिन, वे अपनी माँगों पर अडिग रहे, अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही **11.20 बजे पूर्वा० से भोजनावकाश** तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(अन्तराल)

P.T.O. →

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

i- माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा बढ़ती हुई महँगाई को देखते हुए माननीय विधायकों के वेतन में वृद्धि किये जाने हेतु आग्रह किया गया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम, श्री अरुप चटर्जी एवं श्री स्टीफन मराण्डी ने भी किया। माननीय सदस्य, श्री चटर्जी द्वारा इस निमित्त माननीय सदस्यों की एक समिति बनाये जाने का सुझाव दिया गया।

ii- माननीय सदस्य, श्री राज कुमार यादव ने सउदी अरब में झारखण्ड के मृत मजदूर का शव मँगवाने हेतु आसन से आग्रह किया।

माननीय सदस्य, श्री यादव ने झारखण्ड सरकार के विभिन्न विभागों में कांट्रेक्ट पर कार्यरत कर्मियों के वेतन में बढ़ोत्तरी के उपरांत ही माननीय विधायकों के वेतन-भत्ते में बढ़ोत्तरी का आग्रह करते हुए प्रस्ताव का विरोध किया।

4.<u>आसन से घोषणा</u>:-

आसन द्वारा घोषणा की गयी कि माननीय सदस्यों के वेतन-भत्ते में बढ़ोत्तरी सम्बन्धी पाँच सदस्यों की समिति बनायी जायेगी तदुपरांत प्राप्त प्रतिवेदन सरकार को भेज दिया जायेगा।

माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम, श्री स्टीफन मराण्डी एवं माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा निलम्बित विधायकों के निलम्बन वापसी की माँग के सम्बन्ध में आसन द्वारा आश्वस्त किया गया कि सदन की गरिमा के अनुरूप इसपर ससमय निर्णय ले लिया जायेगा।

माननीय मंत्री, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा दिनांक-23.11.2016 को सदन में घटित घटना पर दुःख व्यक्त किया गया।

5.<u>आसन से सूचना का दिया जाना</u>:-

आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया कि आज दिनांक-24.01.2017 को 05.00 बजे अप० से खेलगाँव स्थित स्टेडियम में मुख्यमंत्री एकादश एवं पत्रकार एकादश के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच होगा। इसके उपरांत दोनों टीमों की घोषणा करते हुए सभी माननीय सदस्यों से उक्त मैच में भाग लेने हेतु आग्रह भी किया गया।

(इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अधिकांशतः माननीय सदस्यगण पूर्व की माँगों को लेकर सदन की वेल में धरने पर बैठ गये और नारेबाजी करने लगे।)

6.<u>वित्तीय कार्य</u>:-

वित्तीय वर्ष-2017-18 के वार्षिक आय-व्ययक (बजट) पर दिनांक-24 एवं 28 जनवरी, 2017 को सदन में होनेवाली चर्चा के लिए सभी दलों के निमित्त समय के आवंटन की घोषणा आसन द्वारा की गयी तदुपरांत उक्त बजट पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें माननीय सदस्य श्री राधाकृष्ण किशोर एवं श्री आलमगीर आलम ने भी भाग लिया तदुपरांत सदन की कार्यवाही शनिवार दिनांक-28.01.2017 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

राँची,

दिनांक- 24 जनवरी, 2017 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।